09/03/2026

आकाशवाणी ईटानगर

आठवीं अरुणाचल प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन, सदन ने पाँच विधयेक पारित किए, जिनमें 'अरुणाचल प्रदेश वेतन, भत्ते और विधानसभा सदस्यों की पेंशन (संशोधन) विधयेक, 2026' भी शामिल है। यह विधयेक चुने हुए विधायकों के लिए पेंशन का हकदार बनने हेतु अनिवार्य चार साल के कार्यकाल की शर्त को समाप्त करता है। विधानसभा में, अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कहा कि 'CM व्यापक राज्य सड़क विकास योजना', जो 2024 में शुरू हुई थी, उसे राज्य के विभिन्न हिस्सों में सड़क संपर्क को बेहतर बनाने के लिए 2029 तक बढ़ा दिया गया है। ग्रामीण कार्य मंत्री पी.डी. सोना ने कहा कि राज्य में 'प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना-1' के तहत सत्तानबे प्रतिशत परियोजनाएँ पूरी हो चुकी हैं। उन्होंने आगे कहा कि राज्य को भरोसा है कि बाकी बची पैतालीस सड़कों को पूरा करने के लिए अगले साल मार्च तक का विस्तार मिल जाएगा। प्रश्नकाल के दौरान, ग्रामीण कार्य और पर्यटन मंत्री पी.डी. सोना ने कहा कि पर्यटन सर्किट के लिए केंद्र द्वारा स्वीकृत राशि का उपयोग विवेकपूर्ण तरीके से किया जाएगा। श्री सोना ने कहा कि राज्य में नए पर्यटन सर्किट बनाने के लिए स्थानीय लोगों को मेहमान नवाज़ी के प्रति जागरूक करना होगा।

उन्होंने यह बात विधायक हामजोंग तांघा के सवाल का जवाब देते हुए कही। इस बीच, उपमुख्यमंत्री चौना मेन कल 2026-27 का राज्य बजट पेश करने वाले हैं।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश सरकार ने जनगणना दो हज़ार सत्ताइस के लिए हाउस लिस्टिंग ऑपरेशंस (HLO) की सूची आधिकारिक तौर पर घोषित कर दिया है। जनगणना प्रक्रिया का पहला चरण अगले महीने की सोलह तारीख से पूरे राज्य में शुरू होगा। डिजिटल जनगणना जिसमें Self-Enumeration (DCCS-E) शामिल है, अगले महीने की सोलह से तीस तारीख तक जारी रहेंगी। जिसके तहत निवासियों को आधिकारिक जनगणना पोर्टल का उपयोग करके अपने घर की जानकारी ऑनलाइन देने का अवसर मिलेगा। हाउस लिस्टिंग ऑपरेशंस के लिए फील्डवर्क इस साल एक मई से तीस मई तक किया जाएगा।

0000000000000000000000

राज्यपाल लेफ़्टेनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक ने आज ईटानगर स्थित लोक भवन के बागवानी फार्म में एवोकैडो के पौधे लगाए। इस अवसर पर राज्य के बागवानी विभाग द्वारा आयोजित एक पायलट प्रोजेक्ट के तहत, एवोकैडो की दो किस्मों - 'हास' और 'पिंकरटन' के पौधे लागाए गए।

इस पहल का उद्देश्य क्षेत्र में उच्च-मूल्य वाली फलों की फसलों की उपयुक्तता का पता लगाना साथ ही टिकाऊ बागवानी पद्धतियों को बढ़ावा देना है।

0000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज अरुणाचल प्रदेश के वेस्ट कामेङ, शी-योमी, अपर सुबनसिरी, कामले, दिबाङ वैली, चाङलाङ, तिराप और लोङदिङ जिले के लिए अगले 24 घंटों में अलग अलग स्थानों में ग़रज के साथ बिजली गिरने और बारिश का येलो अलर्ट जारी किया हैं।

0000000000000000000000

'ड्रीम फॉर यूनाइटेड अरुणाचल' - DUA का एक प्रतिनिधिमंडल आज ईटानगर स्थित मुख्यमंत्री कार्यालय में मुख्यमंत्री पेमा खांडू से मुलाकात की। इस बैठक के दौरान, DUA ने एक याचिका सौंपी जिसमें तंबाकू, गुटखा और पान मसाला उत्पादों पर पूरे राज्य में प्रतिबंध लगाने की मांग की गई। DUA की टीम ने इस संबंध में विधान सभा कार्यालय में उपमुख्यमंत्री चोवना मेन से भी मुलाकात की।

0000000000000000000000

आज रोनो हिल्स, दोइमुख स्थित राजीव गांधी विश्वविद्यालय के मिनी ऑडिटोरियम में विधायक मुचू मिथी ने 'अष्टलक्ष्मी दर्शन - युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम' के 12वें बैच का उद्घाटन किया।

इस कार्यक्रम को केंद्रीय पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय के अंतर्गत 'पूर्वोत्तर परिषद' का सहयोग प्राप्त है, जिसका उद्देश्य सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देते हुए राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ करना है। इस कार्यक्रम में झारखंड और पुडुचेरी से आए संकाय सदस्यों एवं छात्र प्रतिभागियों के प्रतिनिधिमंडल हिस्सा ले रहे हैं। चौदह दिवसीय युवा आदान-प्रदान पहल का लक्ष्य युवा प्रतिभागियों के बीच पूर्वोत्तर क्षेत्र की संस्कृति, भूगोल और विकास के प्रति समझ को बढ़ाना है।

0000000000000000000000

राज्य सरकार ने ईटानगर राजधानी क्षेत्र और पापुम पारे जिले में साप्ताहिक बाजारों के संचालन को केवल शनिवार तक सीमित कर दिया है। इस कदम का उद्देश्य अनधिकृत प्रवासियों के प्रवेश पर रोक लगाना और राजस्व में होने वाले नुकसान को रोकना है।

0000000000000000000000

'सेवा आपके द्वार' 2.0 का आयोजन कल ईस्ट सियांग जिले के पासीघाट सर्कल के अंतर्गत बेरुंग गांव स्थित कम्युनिटी हॉल में किया जाएगा।

0000000000000000000000

सेंट क्लैरेट कॉलेज, ज़िरो द्वारा एक हफ़्ते तक चलने वाले राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) विशेष शिविर का उद्घाटन आज लोअर सुबनसिरी ज़िले के लेम्पिया स्थित ज़िरो वैली स्कूल में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल परिसर में संतरे के पौधे लगाकर की गई। ZPM लेम्पिया, रूबू ताडी ने NSS इकाई का आभार व्यक्त करते हुए अपनी पाँच-वर्षीय ग्राम गोद लेने की योजना के तहत लेम्पिया गाँव को चुना है। उन्होंने NSS शिविर की सभी गतिविधियों के सफल कार्यान्वयन के लिए अपने समर्थन और सहयोग का आश्वासन दिया।

0000000000000000000000